



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026






वर्ष 36 अंक 72 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 13 दिसम्बर 2024 डाक 14 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगदेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की





**देश-विदेश**
केरल के पलक्कड़ में बड़ा सड़क हादसा, बेकाबू ट्रक ने चार छात्राओं को मारी टक्कर, सभी की मौत





**कोरिया पेज**
नागरिक निकाय कार्यालय में कर्मचारियों ने किया हड़ताल, चिरमिरी निगम में हड़ताल का दिखा बड़ा असर




# संसद हमले की 23वीं बरसी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष एवं पीएम मोदी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद हमले की 23वीं बरसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेताओं ने हमले में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने संसद हमले की 23वीं बरसी पर वीरों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा भाव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा। इस दिन, मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, 13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के गौरव की रक्षा करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश का कण-कण अपने बहादुर लालों के बलिदान का युगों-युगों तक ऋणी रहेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर वर्ष 2001 में हुए कायराना आतंकी हमले को विफल कर मां भारती के मान की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि।



देश की संप्रभुता और स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखने हेतु आपके सर्वोच्च बलिदान के प्रति यह राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पोस्ट करते हुए लिखा, संसद भवन पर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले मां भारती के अमर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जवानों का पराक्रम और बलिदान देश के शौर्य इतिहास में सदैव स्वर्णिम अध्याय के रुप में युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा।

## मैं किसान का बेटा हूं, झुकूंगा नहीं, अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विपक्ष पर बरसे धनखड़, खरगे भी हुए गर्म



**नईदिल्ली, 13 दिसम्बर ।**

संसद की कार्यवाही शुरू होते ही आज फिर हंगामा हो गया है। राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, झुकने वाला नहीं हूं। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू से हंगामेदार रहा है, लेकिन अगले दो दिन काफी अहम होने वाले हैं। आज से संविधान के अंगीकरण की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा शुरू हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहस की शुरुआत की। वहीं, विपक्ष की ओर से वायनाड से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा जवाब देते हुए लोकसभा में अपना पहला भाषण दे सकती हैं।भाजपा ने राज्यसभा के अपने सभी सांसदों को 16 और 17 दिसंबर को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। दोनों दिन सदन में संविधान पर चर्चा होगी।

## असम राइफल्स ने जिरीबाम में एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग की



**जिरीबाम, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

असम राइफल्स ने मणिपुर के जिरीबाम जिले के नारायणपुर, माधोपुर और गोटाइखल के सामान्य क्षेत्रों में एक मजबूत एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग (एडीपी) और तलाशी अभियान चलाया। यह सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन 12 दिसंबर को किया गया था और इसका उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जिससे असम राइफल्स की शांति और स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। इस ऑपरेशन में संभावित खतरों का पता लगाने में खोज क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक विस्फोटक डिटेक्शन (ईडी) कुत्ते को लगाया गया, जिससे सैनिकों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को बढ़ावा मिला। ऑपरेशन के दौरान, गोटाइखल में एक सड़क अवरोध, जो आवाजाही को बाधित कर रहा था और स्थानीय लोगों को असुविधा पहुंचा रहा था, को सफलतापूर्वक हटा दिया गया।

### संगम पर पीएम मोदी ने की पूजा, नौकायन का भी उठाया लुत्फ, अब जनता को करेंगे संबोधित

**प्रयागराज।** पीएम मोदी यहां विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन करेंगे। पीएम मोदी रिवर क्रुज से संगम पर पहुंचे हैं। साधु संतों से मिलने के बाद उन्होंने गंगा पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। पीएम मोदी 55 सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन भी पटेल हैं। पीएम कुछ देर में परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संगम नोज पर पहुंच गए हैं। साधु और संत उनका स्वागत कर रहे हैं।

## सीहोर में कारोबारी और उनकी पत्नी ने फंदे पर लटककर दी जान, 5 दिसंबर को घर पर पड़ी थी ईडी के रेड



**सीहोर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सीहोर में शांति नगर निवासी कारोबारी मनोज परमार ने पत्नी नेमा परमार के साथ फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ दिन पहले 5 दिसंबर को ही उनके घर पर ईडी की रेड पड़ी थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, लेकिन अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि उसमें क्या लिखा गया है। इधर एसडीओपी आकाश अमलकर का कहना है कि घटना का कारण अज्ञात है मामले की जांच की जा रही है। मौके पर थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने पहुंचकर सुसाइड नोट जब्त किया है। इस मामले में दिग्विजय सिंह ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर ईडी द्वारा कारोबारी को परेशान करने का आरोप लगाया है।

## दिल्ली के स्कूलों के बाद आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी, रूसी भाषा में आया मेल



**नईदिल्ली, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली के स्कूलों को धमकी के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर एक ईमेल मिला है, जिसमें रूसी भाषा में धमकी दी गई है। मेल में दावा किया गया है कि वो आरबीआई को बम से उड़ा देंगे। मुंबई पुलिस ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही माता रमाबाई मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरबीआई को इससे पहले भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसी साल नवंबर में ही आरबीआई के ग्राहक सेवा विभाग को एक धमकी भरा कॉल आया था। कॉल सुबह 10 बजे के करीब आया था और धमकी देते वाले व्यक्ति ने कहा था कि वो लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है। इससे पहले आज ही दिल्ली के 6 नामी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। स्कूलों को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली। इसकी जानकारी लगने पर अग्निशमन अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश डीपीएस, सलवान स्कूल, मॉडर्न स्कूल और कैंब्रिज स्कूल को ई-मेल के माध्यम से धमकी मिली है।

## बीजापुर में 2 और नक्सली ढेर

**बीजापुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बीजापुर में आज फिर नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी है। यह मुठभेड़ बासागुड़ा थानाक्षेत्र के नेंड्रा जंगलों में हो रही है। सुरक्षा बल के जवानों ने सूझ-बूझ और हिम्मत से 2 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने दोनों पुरुष माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। वहीं मुठभेड़ अभी भी जारी है। बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान जारी है, ताकि इलाके में बाकी नक्सलियों को पकड़ा जा सके।

## इस्तांबुल हवाई अड्डे पर फंसे सैकड़ों भारतीय, इंडिगो की फ्लाइट से आ रहे थे मुंबई, कुछ खाने तक को नहीं मिला



**नई दिल्ली।** तुर्किये से मुंबई की यात्रा करने वाले सैकड़ों विमान यात्रियों को बीते दिन परेशानी का सामना करना पड़ा है। करीब 400 इंडिगो यात्री कथित तौर पर इस्तांबुल हवाई अड्डे पर 24 घंटे से फंसे हुए हैं। एक यात्री के जवाब में एयरलाइन ने कहा कि परिचालन कारणों से उड़ान में देरी हुई है। कुछ इंडिगो यात्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और लिंक्डइन पर दावा किया कि पहले फ्लाइट में देरी की बात कही गई और बाद में बिना सूचना के इसे रद्द कर दिया गया। यात्रियों में से एक अनुश्री भंसाली ने कहा कि उड़ान में दो बार एक घंटे की देरी हुई, फिर रद्द कर दिया गया और अंत में 12 घंटे बाद पुनर्निर्धारित किया गया। कुछ यात्रियों ने कहा कि फ्लाइट के देरी होने के बावजूद इंडिगो द्वारा कोई आवास, भोजन वाउचर नहीं दिया गया और यहां तक कि हवाई अड्डे पर इंडिगो के प्रतिनिधि ने उनसे संपर्क भी नहीं किया। वहीं लोगों को काफी ठंड से झूझना पड़ा क्योंकि एयरलाइन ने कथित तौर पर जो आवास उन्हें दिए वहां तक कोई वाहन उपलब्ध नहीं कराया।

# किसान आंदोलन 2.0 के 10 माह पूरे: पुतला फूंक प्रदर्शन आज, 16 को ट्रैक्टर मार्च और 18 को रोकी जाएंगी ट्रेनें




**चंडीगढ़, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

किसान आंदोलन 2.0 के 10 महीने आज पूरे हो गए। आज शंभू और खनौरी बॉर्डरों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में किसानों से पहुंचने की अपील की है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बिगड़ती जा रही है। इससे भड़के किसानों ने वीरवार को संघर्ष तेज करने का एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को केंद्र, पंजाब व हरियाणा सरकार के पुतले फूंककर प्रदर्शन किए जाएंगे। 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर देशभर में तहसील व जिला स्तरों पर ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे और 18 दिसंबर को ट्रेनें रोकी जाएंगी। ट्रैक्टर मार्च निकालने के बाद अधिकारियों को डल्लेवाल की ओर से राष्ट्रपति के नाम लिखी चिट्ठी दी जाएगी। डल्लेवाल ने खून से हस्ताक्षर करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डल्लेवाल ने मोदी से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत किसानों की बाकी सभी मांगें पूरी करने की अपील की है। लिखा है कि वे 17 दिनों से अनशन पर , ऐसे उनका आपके नाम यह पहला व आखिरी पत्र है। आपको करना है कि एमएसपी की गारंटी देंगे या उनके जैसे किसान की बलि लेंगे। डल्लेवाल की तबीयत की जानकारी लेने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और पंजाब प्रधान हरिंदर सिंह लक्खोवाल पहुंच रहे हैं।

डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई है। कहा गया है कि वे 26 नवंबर से अनशन पर हैं और उनका वजन भी 12 किलो गिर चुका है। उनकी जान पर संकट है। एडवोकेट वीरेश शांडिल्य ने यह याचिका लगाई है। याची ने बताया कि डल्लेवाल कैंसर से जूझ रहे हैं। खराब स्वास्थ्य के कारण उनकी किडनी फेल होने की भी संभावना है।

## बीजापुर में नक्सलियों और सुरक्षाबल के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर, हथियार बरामद



**बीजापुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के 24 घंटे पहले शुक्रवार की सुबह बासागुड़ा थाना क्षेत्र के लेंड्रा के जंगल में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने दो वर्दीधारी नक्सली को मार गिराया है। पुलिस के अनुसार लेंड्रा क्षेत्र में भारी संख्या में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ), डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम को अभियान पर भेजा गया था।लेंड्रा के जंगल में पहुंचते ही नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। घटनास्थल की सर्चिंग पर दो वर्दीधारी नक्सली के शव और स्वचालित हथियार पुलिस को मिले हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि क्षेत्र में अब भी रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। बीजापुर जिले में ही दो दिन पहले सुरक्षा बल ने मुनगा के जंगल में हुई मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली को मार गिराया था। मारे गए नक्सली की पहचान गंगालूर एरिया कमेटी प्लाटून कमांडर पांडू माड़वी के रूप में की गई है।

## दीपक बैज ने चरण दास महंत को दी जन्मदिन की बधाई



**रायपुर।** पीसीसी चीफ दीपक बैज ने नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत को जन्मदिन की बधाई दी। एक्स में पीसीसी चीफ ने लिखा, हमारे वरिष्ठ नेता, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। आपका दीर्घकालिक जनसेवा का समर्पण और नेतृत्व छत्तीसगढ़ की राजनीति और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आपने प्रदेश की जनता के हित में जो कार्य किए, वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। हम आपके स्वस्थ, सुदीर्घ और सफल जीवन की कामना करते हैं, ताकि आपका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमें आगे बढ़ने की शक्ति देती रहे। ज्योत्सना महंत का ट्वीट - आप हर चीज में सर्वश्रेष्ठ के हकदार हैं, और आशा करती हूँ कि, आपको वह मिले। हर दिन और हर साल, एक ऐसे जन्मदिन से शुरुआत करें जो आपके जैसा ही शानदार हो! आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ! ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करती हूँ ।










सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
श्री जगत प्रकाश नड्डा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
S-42399/78

# कांग्रेसियों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

जांजगीर-चांपा। युवक कांग्रेस के संयोजकत्व में विधायकों व वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेसी आईना लेकर कलेक्टोरेट - घेराव करने निकले। इस दौरान मुख्य गेट पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसको लेकर जमकर नारेबाजी और पुलिस से गुरूवार 12 दिसंबर को प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व एवं जिले के कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह, ब्यास कश्यप, इंका नेता गुलजार सिंह, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, जांजगीर नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, चांपा नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधानसभा युका अध्यक्ष पंकज शुक्ला, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गौरव सिंह सहित जिले के अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में बड़ी तादाद में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और कांग्रेसी बिसाहूदास उद्यान जांजगीर में इकट्ठा हुए। यहां से राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वे आईना लेकर कलेक्टोरेट घेरने निकले। इस दौरान उन्हें रोकने के लिए रास्ते में बनाये गये बैरिकेट को तोड़ते हुये एसपी बंगले के सामने पहुंच गए। वहां मुख्य गेट पर की गई बेरिकेटिंग को पार करने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस से जमकर झूमाझटकी हुई। ऐसे में विधायकों के साथ कांग्रेसी सड़क पर बैठ गए। हाथों



में आईना लिए कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच एडीएम एसपी वैद्य के धरने स्थल पर पहुंचने उपस्थित कांग्रेसजन विधायकों की उपस्थिति में राज्यपाल के नाम विभिन्न मांगों की सूचीयुक्त ज्ञापन और आइना सौंपा गया। उत्तरप्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। छत्तीसगढ़ मणीपुर बन चुका है। सरकार अपराध रोकने में नाकाम साबित हो चुकी है। युवाओं को प्लेसमेंट कर्मचारियों को बड़े बड़े सपने दिखाकर सत्ता पर काबिज होने के बाद उनके सपने चूर-चूर हो चुके हैं। प्रदेश की अन्य समस्याओं के साथ स्थानीय समस्याओं में नैला ओव्हरबीज निर्माण, जल आवर्धन योजना का कार्य पूर्ण करने, जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग के किनारे बड़ी नाली का निर्माण आदि की मांग रखी।

# नहीं मिली आरटीई की राशि, सीएम से मिलने पहुंचा प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**जांजगीर-चांपा।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। उन्होंने निजी विद्यालयों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष बिंदुवार रखा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मांगों पर प्रतिनिधि मंडल से जानकारी ली। प्रदेश के अशासकीय स्कूलों की लंबित मांगों का निराकरण का आग्रह मुख्यमंत्री से किया गया।

प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों में प्रमुख रुप से सभी जिलों की लंबित आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि को अविलम्ब स्कूलों के खातों में हस्तांतरित किया जाए, स्कूल शिक्षा विभाग को आज की तारीख में 300 करोड़ से ऊपर की प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों की बकाया है, पिछले 12 वर्षों से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है, आर.टी.ई. की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11 हजार 500 से बढ़ाकर 18 हजार एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार तक किया जाय, शैक्षणिक उपयोग की बसों को 12 साल बाद फिटनेस नहीं दी जा रही और वह बेकार हो जा रही हैं जबकि आम परिवहन की बसों को 15 साल की अवधि तक संचालित करने की नियम है यह नियम हमारी बसों को 12 साल बाद बेचने पर मजबूर कर रहा है जबकि शैक्षणिक उपयोग की बसें कमर्शियल बसों से कम चलती हैं तथा सुरक्षा के ज्यादा उपाय हैं, जीपीएस तथा पैनिक बटन जो बाजार में आसानी से 3500 से 4000 रूपये के बीच उपलब्ध है वह 13500 से 14000 रुपए का कंपनियां दे रही हैं, कृपया इनकी राशि ठीक करवा कर उपलब्ध कराई जाए ताकि हम अपनी बसों में इसे लगा सकें, आर.टी.ई. के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश एवं लेखन सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 5365/2021दाखिल की थी। इस याचिका में 14 सितंबर 2022 को अंतरिम आदेश देते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशों के क्रियान्वयन पर संगठन को स्टे प्रदान कर दिया है. उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश तक किसी भी स्कूल पर कार्यवाही पर रोक लगाई जाये, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल स्कूलों द्वारा ऑनलाइन एंट्री विलंभ से किये जाने के कारण अत्यधिक विलंभ शुल्क लिया गया है, स्कूलों द्वारा पेनल्टी के रूप में पटाया गया शुल्क या तो वापस करवाया जाये या समयोजीत करवाया जाये। निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए, बजट में आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि हेतु 65 करोड़ का प्रावधान है जबकि इतने सालों में छात्र संख्या बढ़ने के कारण यह राशि अब पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाकर 150 करोड़ करने, अशासकीय स्कूलों की मान्यता नियमों को सरलीकृत एवं प्रदेश में एक समान किया जाए तथा मान्यता 5 वर्षों के लिए प्रदान करना शामिल है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक सुबोध राठी, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय जांजगीर, मनोज गुप्ता भाटापारा एवं विनोद पाण्डेय धमतरी शामिल थे।

## श्याम होलसेल एवं उषा राईस मिल का किया शुभारंभ राजेश्री महन्त ने



**शिवरीनाराण।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने दिनांक 12 दिसंबर 2024 को केरा रोड शिवरीनारायण में श्याम होलसेल तथा जांजगीर के पास सुकली ग्राम में उषा राईस मिल का शुभारंभ किया। श्याम होलसेल के संचालक वीरेंद्र तिवारी एवं उषा राईस मिल के प्रबंधक लक्ष्मी सिंह चंदेल को उन्होंने भगवान शिवरीनारायण का तैल चित्र भेंट किया, शुभकामनाओं सहित आशीर्वाद प्रदान की एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उपरोक्त कार्यक्रम में महाराज का स्वागत आयोजक परिवारों ने पुष्पमाला पहनकर आतिशबाजी के साथ की। इन दोनों कार्यक्रमों में विशेष रूप से क्रमशः योगेश शर्मा, पवन सुल्तानिया, देबू सेठ, सिसोदिया जी, सुखराम दास जी, त्यागी जी महाराज, सुबोध शुक्ला, ज्ञानेश शर्मा, रामखिलावन तिवारी, सुखुराम पटेल,जगदीश यादव, प्रतीक शुक्ला, तथा जनपद सदस्य कमलेश सिंह, श्रीपाल सिंह, सुंदर सिंह, श्रवण सिंह, रविंद्र सिंह, तारकेश्वर सिंह, राकेश सिंह अनूप सिंह, मल्लू सिंह, तोमर सिंह, किशन सिंह, गुल्ला सिंह एवं मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## चांपा में दूषित पानी से फैला पीलिया, दो दर्जन लोग प्रभावित

**जांजगीर-चांपा।** चांपा में पीलिया पांव पसार रहा है। वार्ड नंबर 21 और 24 में करीब 2 दर्जन लोगों में पीलिया का प्रभाव देखा जा रहा है। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं जो अधिकतम 10 से 15 साल के आसपास है। इधर मामले की खबर मिलते ही स्वास्थ्य अमला ने पहुंचकर करीब डेढ़ दर्जन लोगों का ब्लड सेम्पल कलेक्ट किया। वहीं 144 घरों में जाकर सर्वे की। इस तरह एकाएक 2 दर्जन लोगों में पीलिया होने से चांपा में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि चांपा में नगर पालिका के पाइप लाइन के जरिए जाल आपूर्ति कराती है। इसके लिए दो फिल्टर प्लांट और लगभग आधा स्वास्थ्य अमला ने दूषित पानी की वजह से लोगों में पीलिया होने की आशंका जताई है। आपको बता दें कि, शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप कई जगह नाली से होकर गुजरी है। आशंका जताई जा रही हैं कहीं से पाइप लीकेज होकर नाली का पानी उसमें से होते हुए लोगों के टेपनल तक पहुंच रहा है। जिसका दुष्प्रभाव लोगों में दिख रहा है। बहरहाल पानी और ब्लड सेम्पल की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर बच्चों को किस वजह से पीलिया अपनी चपेट में ले रहा है।

दर्जन पानी टंकियों के माध्यम से पूरे शहर में पेयजल की आपूर्ति कराई जाती है। अभी पिछले पखवाड़े भर से वार्ड नंबर 21 और 24 में पीलिया का प्रकोप खासकर 10 से 15 साल के बच्चों में देखा जा रहा है। मामले की खबर मिलते ही कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रात को ही आनन फानन में प्रभावित स्थल पहुंची और उन्होंने जायजा लिया। इसके बाद गुरुवार की सुबह सीएमएचओ डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, बीएमओ आजम्बर सिंह, बीपीएम सुरेश जायसवाल, बीटीओ बीरेंद्र अहीर सहित स्वास्थ्य विभाग के टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब डेड़ दर्जन लोगों का ब्लड सेम्पल लिया।

**नगर पालिका ने शहर में कराई मुनादी**

शहर में एकाएक लोगों में पीलिया का प्रकोप बड़ने को लेकर नगर पालिका ने एहतियात के तौर पर शहर में मुनादी कराई है। नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत का कहना है कि पानी को पीने से पहले अच्छी तरह से उबाल लिया जाए। साथ ही वितरित की गई क्लोरीन की दवा का भी उपयोग शुद्ध पानी के लिए किया।

दूषित पानी से लोग बीमार पड़ हैं। जिसे लेकर गुरुवार की पूरे मोहल्ले में घूमकर जायजा लेते हुए करीब 144 घरों में जाकर स्वास्थ्य संबंधी सर्वे किया गया। लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें एहितयात बरतने को कहा गया है।

**डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया. सीएमएचओ**

उन्होंने लोगों से अपील की है कि नल के पानी गंदा या दूषित होने की स्थिति में तत्काल इसकी सूचना वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं नगर पालिका को दो जाए।



## हाईस्कूल मैदान में हुआ फुटबॉल लीग का आगाज

**जांजगीर चांपा।** हाईस्कूल मैदान जांजगीर में स्व कुमारी भुनेश्वरी चौबे राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी की स्मृति में हसदेव स्टार स्पोर्टिंग् क्लब जांजगीर द्वारा आयोजित 5ए साइड रात्रि कालीन फुटबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है जिसके उद्धाटन में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप की मुख्य अतिथि एवं अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भगवान दास न पा अध्यक्ष, रमेश पैगवार, विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्धकी, मनोज पांडेय, रोशन केशरवानी रामबिलास राठौर, प्रिंस शर्मा, आशीष राठौर, भोलू यादव, रवि पाण्डे, की उपस्थिति में हुआ आगाज इस प्रतियोगिता में 6टीमों के टीम मालिक एवं खिलाड़ियों को शामिल किया गया है ।

## प्रधानमंत्री बीमा योजना की लोगों को दी गई जानकारी

**राहौद।** नगर पंचायत बिलारी चौक पर गुरुवार को केनरा बैंक राहौद शाखा की ओर से शिविर का आयोजन कर लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई।

शाखा प्रबंधक प्रशांत ने बिलारी चौक पर योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी। बताया कि केंद्र सरकार ने सामाजिक सुरक्षा सेवाओं के तहत लोगों के लाभार्थ दो बीमा योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ 18 वर्ष से 70 वर्ष तक के लोग और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के सभी नागरिक उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार की दुर्घटना बीमा पॉलिसी है। इस पॉलिसी में किसी दुर्घटना के समय मृत्यु या विकलांग होने पर बीमा के राशि के लिए क्लेम किया जा सकता है।



## 12 घंटे मिलेगी जिला चिकित्सालय एवं बीडीएम में एक्स-रे एवं दवा वितरण की सुविधा

**जांजगीर-चांपा।** जिला चिकित्सालय जांजगीर एव बी.डी.एम. - चांपा मे स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार एवं सुदृढीकरण हेतु जन मानस को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से दवा वितरण सुविधा दवा वितरण कक्ष एवं जन औषधी केन्द्र एवं एक्स-रे विभाग को प्रति दिवस 12 घंटे प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक क्रियाशील करते हुए आज से सेवा प्रारंभ कर दी गयी है। गौरतलब है कि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधा मे हुआ विस्तार 12 घंटे मिलेगी जिला चिकित्सालय एवं बी.डी.एम. चांपा में एक्स-रे एवं दवा वितरण की सुविधा प्रारंभ किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय जांजगीर एव बी.डी.एम. चांपा मे स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु जन मानस को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से दवा वितरण सुविधा दवा वितरण कक्ष एवं जन औषधी केन्द्र एवं एक्स-रे विभाग को प्रतिदिवस 12 घंटे प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक गुरूवार से सेवा प्रारंभ कर दी गयी है। इससे मरीजों में तथा आम जनता में हर्ष व्याप्त है। सिविल सर्जन ने समस्त मरीजों एवं आम जनता से अपील की है कि वे चिकित्सालय में उक्त सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

***जांजगीर।** छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ रायपुर के तत्वावधान में 16 दिसंबर को रायगढ़ स्टेडियम में 33000 शिक्षक भर्ती के नोटिफिकेशन के लिए धरना और रैली का आयोजन किया गया है। प्रदर्शन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाऊद खान और प्रदेश सचिव ललित साहू उपस्थित रहेंगे।

# दिव्यांग प्रतिभा ने व्हीलचेयर में लिए सात फेरे अश्विनी साहू ने थामा हाथ

**कोरबा ।** 12-12-2024 की तारीख कुछ लोगो के लिए भले ही खास हो न हो पर यह दिन दिव्यांग प्रतिभा के लिए न सिर्फ खास बन गया अपितु समाप्ति की ओर अग्रसर इस साल के खास दिन और तारीख में उसके जिंदगी की नई शुरुआत आज से ही हुई। वर्षो से अपने हाथ पीले होने और माथे पर सिंदूर सजाने की ख्वाहिश पाली प्रतिभा को लगता था कि उसके जैसे दिव्यांग का दामन भला कौन थामेगा! लेकिन कहते है जोड़ियां आसमान पर बनती है लेकिन रिश्ते जमीन पर निभाये जाते हैं.. शायद प्रतिभा की जोड़ी भी इन्हीं कहावतों को सच साबित करती हुई जमी पर नजर आई और उन्होंने अपने जीवनसाथी के साथ विवाह के बंधन में बंधते हुए व्हील चेयर पर सात फेरे लिए।

कोरबा के बालको की रहने वाली प्रतिभा बचपन से ही दिव्यांग है। दोनों पैर से लाचार प्रतिभा को लगता था कि पता नहीं उसके साथ कोई शादी करेगा भी या नहीं! शादी की यह ख्वाहिश एक दिन हकीकत में बदल गई जब चाम्पा निवासी अश्विनी साहू ने प्रतिभा का हाथ जीवन भर थामने का निर्णय लिया। दोनों के घर वालों की सहमति बनी और आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर दोनों का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज सीएसईबी पूर्व



खेल मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्पन्न हुआ। व्हीलचेयर के सहारे प्रतिभा ने सात फेरे लिए और पति अश्विनी ने उनके माथे पर सिंदूर भरा। दोनों परिवार की सहमति और दूल्हे के रजामंदी के साथ विवाह हुआ। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने विवाह की सम्पूर्ण औपचारिकता निभाई। परिजनों ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से मिले सहयोग की प्रशंसा की और इसे गरीब परिवारों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि गरीब परिवारो को आर्थिक बोझ न सहना पड़े। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी आज 102 जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान कर नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर बधाई दी।

# लायंस स्कूल चांपा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह

**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में गत बुधवार 11 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन समारोह वरिष्ठ लायंस क्लब मेंबर लायन बजरंग अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में लायंस क्लब अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं खेल प्रभारी लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन के अलावा लायंस पदाधिकारी भी मंचस्थ थे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमति अजिता व्ही. के. ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि लायन बजरंग अगवाल ने प्रतियोगिता में सफल होने वाले सभी बच्चों को बधाई दी।

देते हुए सफल आयोजन पर सभी शिक्षकों एवं खिलाड़ियों साथ-साथ प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. को बधाई दी। इस अवसर मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने भी अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को बधाई दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल फ्लेग का अवतरण कर वार्षिक खेलकूद के समापन की विधिवत घोषणा की। अंत में मुख्य अतिथि का शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## उपनिरी. सागर पाठक,थाना प्रभारी हुए निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

**शिवरीनारायण।** पदोन्नत हुए उपनिरी. सागर पाठक को पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टार लगाया गया। पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थापना बोर्ड के मुताबिक उपनिरी. सागर पाठक जो वर्तमान में थाना प्रभारी शिवरीनारायण में पदस्थ है निरीक्षक् के पद पर पदोन्नत कियें जाने पर पुलिस अधीक्षक जांजगीर - चाम्पा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा स्टार लगाकर बधाई दी गई।

छ.ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर
निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र.-168
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य के तहत कन्वेशनल हॉल जिला कोरबा में बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण एवं पार्किंग हेतु पेवर ब्लॉक का कार्य (प्रथम) ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http//cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कर्यपालन अभियंता संभाग कोरबा के मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।
S-42412/2 उपायुक्त

# सपलवा के नए विद्यालय भवन का हुआ लोकार्पण विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षिक सुविधाओं की है व्यवस्था

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिले के पाली विकासखण्ड के वनांचल में स्थित सपलवा में नव-निर्मित हाईस्कूल भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विकास कार्य की शुभकामनाएं दी। यह नया हाई स्कूल भवन सपलवा सहित आसपास गांव के विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई के लिए अहम भूमिका निभाएगा। अब यहां के बच्चों को अपनी आगे की शिक्षा के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा एवं उन्हें गांव में ही सकारात्मक वातावरण में अध्ययन का लाभ मिलेगा।

सपलवा में हाई स्कूल संचालन की सालों से मांग थी, विगत 2016 में सपलवा के मिडिल स्कूल का हाई स्कूल में उन्नयन हुआ था। तत्पश्चात् नए हाईस्कूल भवन की ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही थी। समय के साथ नए भवन की स्वीकृति मिली एवं निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ एवं 15 नवम्बर 2024 को नया विद्यालय भवन शिक्षा विभाग को सुपुर्द किया गया है। सपलवा का यह नया विद्यालय भवन 62.83 लाख की लागत से निर्मित किया गया है। विद्यालय में 06 अध्ययन कक्ष, 01 बड़ा हॉल, प्राचार्य व स्टाफ कक्ष, प्रयोगशाला,



पेयजल शौचालय और खेल मैदान जैसी सुविधाएं हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक बन रहे हैं। अब नए हाई स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को एक स्थिर और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल रही है।

पाली विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल में स्थित सपलवा में नए हाई स्कूल भवन बन जाने से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि छात्रों को स्कूल जाने के लिए लंबी यात्रा की थकान से भी राहत मिली है। सपलवा के आस-पास कोई हाईस्कूल विद्यालय नहीं होने से आसपास के गांव के छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए गांव से 20 से 25 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर चैतमा, माखनपुर जाना पड़ता था, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते थे साथ ही अत्याधिक दूरी होने के कारण कई विद्यार्थियों में आगे शिक्षा के प्रति रुचि कम होने लगी थी। विशेषकर बालिकाओं को गांव से बाहर अन्यत्र पढ़ने जाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इस कारण सपलवा जैसे दूरस्थ इलाके में हाई स्कूल भवन की विशेष आवश्यकता थी। सपलवा हाईस्कूल में क्षेत्र के पहाड़गांव, तेलसरा, उड़ान, बारीउमराव, राहा, रामाकछार जैसे अन्य गांव के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तमान में विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 114 है। जिसमे कक्षा 9वीं में 63 व कक्षा 10वीं में 51 छात्र अध्ययन कर रहे है। अब सपलवा के आस पास के बच्चों को अपने गांव के पास ही उच्च शिक्षा प्राप्त हो रही है, जिससे उनकी पढ़ाई में रुझान भी बढ़ा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षण सुविधाओं की कमी को दूर करने एवं शैक्षणिक संसाधनों के विकास हेतु सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसमें नए विद्यालय भवन निर्माण, पुराने भवनों का जीर्णोद्धार, शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आवश्यक संसाधनों की पूर्ति की जा रही है। जिससे छात्रों को एक बेहतर शैक्षिक अनुभव मिले और वे अपनी पूरी लगन से पढ़ाई कर सकें।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी, कर्ज से था परेशान

**रायगढ़।** शहर के पंजरी प्लांट क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाला युवक गुरुवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। विनोद(27) चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के पंजरी प्लांट का रहने वाला था, जो पेशे से वाहन चालक था। गुरुवार की सुबह साढ़े 10 बजे वाहन चलाकर कर घर लौटा। उसके बाद पत्नी से बातचीत की। जब उसकी पत्नी बाथरूम गई तो विनोद ने घर के कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। 10 मिनट बाद पत्नी बाहर निकली, तब इसकी जानकारी मिली। इसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। वहीं, इसकी सूचना चक्रधरनगर थाने में दी गई। पुलिस टीम मौके पर आई और पंचनामा के बाद शव को नीचे उतरा। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि विनोद कर्ज से परेशान था। चक्रधर नगर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## पीएम रिपोर्ट में खुलासा: कार्डियक अरेस्ट से हुई थी स्कूली छात्रा की मौत

**रायगढ़ ।** शहर से लगे पटेलपाली स्थित वैदिक इंटरनेशनल स्कूल के बाथरूम में छात्रा की मौत का मामला सामने आया था। इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्कूल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखा है। प्रबंधन की तरफ से जारी प्रेस नोट में कहा है कि छात्रा की मौत दुखद है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि छात्रा श्रेया गवेल की मौत कार्डियक अरेस्ट के कारण हुई थी। स्कूल प्रशासन और स्थानीय प्राधिकरण इस घटना के बाद से पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील रहे। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि यह एक प्राकृतिक घटना थी और किसी भी प्रकार की चोट नहीं पाई गई। छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया गया था, घटना के पश्चात परिवार वाले व मालखरौदा पुलिस ने वहीं पोस्टमार्टम कराया। स्पष्ट हो गया कि मृत्यु का कारण कार्डियक अरेस्ट था।

## अनमोल वचन......

**ज़िंदगी एक लंबी दौड़ है बस जिये चलो कही रुकने की ज़रूरत नहीं हैं ।**

## अवैध प्रवेश की कोशिश में बढ़ोतरी

*कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे। गुजरे हफ्ते राज्यसभा में इस प्रश्न का विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जवाब नहीं दिया कि क्या भारत से गैर-कानूनी ढंग से बाहर जाकर आश्रय मांगने वाले लोगों की संख्या में 800 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। सिंह ने कहा कि सरकार के पास इस बारे में कोई आंकड़ा नहीं है, क्योंकि ये लोग जिन देशों में जाते हैं, वहां की सरकारें उन्हें साझा नहीं करतीं। मगर उन्होंने यह जरूर कहा कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वे देश की प्रतिष्ठा गिरा रहे हैं।*

*बहरहाल, अब एक आंकड़ा जरूर सामने आया है, जिसे भारत सरकार के नजरिए से देश के लिए अपमानजक कहा जाएगा। ये सूचना अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने दी है।*

*उसके मुताबिक कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे। उसके पहले वाले वर्ष में 30,010 भारतीयों ने ऐसी कोशिश की थी, जबकि उपरोक्त अवधि में यह संख्या 43,764 हो गई। और यह सिर्फ कनाडा के रास्ते हुए प्रयासों का आंकड़ा है और वह भी सिर्फ उनसे संबंधित है, जिन्हें ऐसी कोशिश करते हुए पकड़ा गया। अमेरिका में ऐसी घुसपैठ की सबसे ज्यादा कोशिशें मेक्सिको की तरफ से होती है। अब चूंकि अवैध आव्रजकों को देश से निकालना और अवैध आव्रजन रोकना निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तो यह मुद्दा चर्चा में आया है।वैसे भारत से बड़े पैमाने पर अवैध ढंग से जाकर विदेश में बसने की कोशिश कर रहे हैं, यह आम जानकारी है। यह भी उल्लेखनीय है कि ऐसी कोशिशों अक्सर साधन संपन्न वर्ग के लोग शामिल होते हैं। क्यों। मान-अपमान की सोच से बाहर निकल सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। आखिर क्यों विदेश में बसाने के लिए 80 लाख रुपये तक एजेंटों को देने के लिए लोग तैयार हो रहे हैं। देश में मौजूद अवसरों के प्रति लोगों का विश्वास इतना क्यों डोल गया है, सोचने का मुद्दा यह है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आज आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जायेगा। आज मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। आज समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे।

**कर्क राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होंगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। इसलिए अभी किसी नए काम को शुरू ना करें। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है तो आज का दिन बेहतर है।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जायेगा, आप काम करने के नए टारगेट बनायेंगे। आज आपका मन इश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहाँ आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनायेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में किसी से आपकी बहस हो सकती है। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, आपके काम की गति कुछ रुक सकती है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। आज सोसाइटी से संबंधित किसी विवाद में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते है, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों केसाथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके माता-पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

# भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष

//अजीत द्विवेदी//

**संसद के शीतकालीन सत्र में हर दिन राजनीति का नया रंग देखने को मिल रहा है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने किसी हाल में अडानी का मुद्दा नहीं छोडने़ का फैसला किया है तो दूसरी ओर सत्तारुढ़ दल यानी भाजपा भी निर्णायक लड़ाई की तैयारी में है। भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष यह है कि लोकसभा में यानी जनता के सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गद्दार' हैं, सबसे बड़े विपक्षी पार्टी कांग्रेस की संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी भी देश विरोधी हैं और अमेरिका दुश्मन देश है। भाजपा ने संसद की बहस और चर्चाओं के साथ साथ प्रेस कांफ्रेंस करके भी यह नैरेटिव स्थापित किया है।**

जब भाजपा के सांसदों ने आरोप लगाए तब भी ये आरोप गंभीर थे लेकिन अब तो केंद्र सरकार के मंत्रियों ने भी इन आरोपों को दोहराया है। तभी यह सवाल गंभीर हो गया है कि क्या सचमुच नेता प्रतिपक्ष गद्दार' या देश विरोधी हैं और क्या सचमुच अमेरिका भारत का दुश्मन है।

पहले अमेरिका पर लगाए गए आरोपों की चर्चा करें तो उसमें कई बातों का खुलासा हो गया है। भाजपा के सांसदों ने जब कहा कि ओसीसीआरपी यानी ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है और इस संस्था को अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग मिलती है तब अमेरिका ने इस पर अपना पक्ष रखा था। अमेरिका ने कहा था कि वह मीडिया की स्वतंत्रता का चैंपियन रहा है और इस तरह के किसी भी संगठन पर दबाव नहीं बनाता है। इतना ही नहीं अमेरिका ने इसे निराशाजनक बताया था कि भारत में सत्तारूढ़ दल इस किस्म के आरोप लगा रहा है। अब सवाल है कि भाजपा ने ये आरोप किस आधार पर लगाए थे। भाजपा का आरोप फ्रांस के मीडिया समूह मीडियापार्ट' की एक रिपोर्ट पर आधारित था, जिसमें कथित तौर पर यह कहा गया था कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग है। अब । मीडियापार्ट' ने जवाब दिया है और कहा है कि भारत में सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा फेक न्यूज' फैला रही है। उसका कहना है कि उसकी रिपोर्ट को गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है, अपने मनमाफिक राजनीतिक नैरेटिव सेट करने के लिए।

अमेरिका और फ्रांस के मीडिया समूह दोनों के जवाब के बाद भी भाजपा ने आरोप लगाना बंद नहीं किया है। भाजपा के सांसद अब भी दावा कर रहे हैं कि अमेरिका की फंडिंग से चल रहा एक संगठन भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। अब सवाल है कि उस संस्था यानी ओसीसीआरपी की भारत विरोधी गतिविधियां क्या हैं। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट ने पेगासस के इस्तेमाल की जानकारी दी थी और एक रिपोर्ट में अडानी समूह पर शेयर बाजार में जोड़तोड़ का आरोप लगाया था। यही बात हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी कही थी। सोचें, इसमें से कौन सी बात भारत विरोधी हो गई? अगर स्वतंत्र पत्रकारों के किसी समूह ने जासूसी के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की रिपोर्ट दी या किसी कंपनी विशेष पर जोड़तोड़ का आरोप लगाया तो इसे देश विरोधी कैसे माना जा सकता है। लेकिन भाजपा का कहना है कि यह संस्था भारत के आर्थिक विकास को रोकना चाहती है। घूमा फिरा कर यह बात भी कही जा रही है कि राहुल गांधी के इशारे पर यह काम हो रहा है। इसका मतलब है कि राहुल गांधी इतने पावरफुल हैं कि वे अमेरिका जाते हैं और जॉर्ज सोरोस व अमेरिकी विदेश विभाग को इसके लिए तैयार करते हैं कि वे भारत विरोधी गतिविधियां चलाएं? भारत में आर्थिक विकास को बाधित करें? अगर ऐसा है तो फिर पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री का डंका किस बात का बज रहा है? फिर तो डंका राहुल गांधी का बज रहा है जो वे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश से मनचाहा काम करवा रहे हैं! फिर जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप किस बात के प्रधानमंत्री के दोस्त हैं, जो उनके देश से राहुल गांधी के कहने पर भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं? एक बड़ा सवाल यह भी है कि अमेरिका को दुश्मन बता कर भारत को क्या हासिल होगा? पिछले कई दशकों से अमेरिका के साथ भारत के संबंध स्थिर और दोस्ताना रहे हैं। अगर इतना दोस्ताना नहीं भी होता तो किसी स्वतंत्र संस्था की रिपोर्ट के आधार पर किसी देश को दुश्मन या विरोधी बताना कोई अच्छी कूटनीति नहीं होती है। तभी यह सवाल भी है कि अमेरिका पर हमला सिर्फ ओसीसीआरपी में उसकी कथित फंडिंग की वजह से है या कहीं इसके पीछे अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी व सागर अडानी सहित आठ लोगों को आरोपी बनाने, अमेरिकी अखबारों में भारत के बड़े नेताओं के नाम आने और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा भारतीय नागरिकों को मोस्ट वांटेड और भगोड़ा बताने का भी हाथ है? जो हो यह एक गंभीर मामला है और सत्तारूढ़ दल को सोच समझ कर इस मामले में आरोप लगाने चाहिए।

दूसरी बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को देश विरोधी बताने का है। राहुल को गद्दार' बताने का आधार यह है कि वे अमेरिका जाते हैं तो इल्हान उमर और कुछ अन्य भारत विरोधी लोगों से मिलते हैं और सोनिया गांधी इसलिए देश विरोधी हैं क्योंकि वे फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक की सह अध्यक्ष हैं। यह संस्था कश्मीर को कथित तौर पर भारत से अलग करने की बात करती है। सोचें, नेता प्रतिपक्ष का पद एक संवैधानिक पद होता है और उस पद पर बैठे एक निर्वाचित नेता को भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने कुछ लोगों से उनकी मुलाकातों के आधार पर %शीर्ष स्तर का गद्दार' कहा। इससे पहले राहुल गांधी पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, अक्षमता आदि के आरोप लगते थे। उनको बालक बुद्धि तो अब भी कहा जाता है। संसदीय कार्य मंत्री ने सोमवार, नौ दिसंबर को ही उनको बालक बुद्धि कहा। लेकिन वही बालक बुद्धि देश के खिलाफ साजिश रच रहा है और गद्दार' है, यह पहली बार कहा जा रहा है। जाहिर है कि इस बार राहुल गांधी ने कुछ ज्यादा बड़ी तकलीफ दे दी है।

ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अनाप शनाप बातें नहीं कहते हैं। वे भी प्रधानमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा गिराने वाली बातें कहते हैं। लेकिन वे वही बातें कहते हैं, जो आजादी के बाद से अब तक कही जाती रही हैं। जो दूसरे प्रधानमंत्रियों के लिए कही गई वैसी ही बातें वे भी कहते हैं। परंतु यह पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल ने नेता प्रतिपक्ष पर इतना बड़ा हमला किया है और नेता प्रतिपक्ष को गद्दार' ठहराया। निश्चित रूप से ऐसा कहने के लिए उसके पास कुछ बड़ा और पुख्ता सबूत होना चाहिए। राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए या संसद में उनका मुंह बंद कर देने के लिए इस तरह के आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। इस तरह के आरोप लगाए गए हैं तो केंद्र सरकार की एजेंसियों को उनकी गंभीरता से जांच करनी चाहिए। कायदे से जांच पहले होनी चाहिए थी और उसके बाद आरोप लगाए जाने चाहिए थे। लेकिन अगर आरोप पहले लगा दिए गए हैं और केंद्र सरकार के मंत्री दावा कर रहे हैं कि आरोप का कंटेंट गंभीर है तो उसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। सिर्फ जुबानी जंग नहीं होनी चाहिए और न इतने गंभीर आरोप का सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल होना चाहिए।

# एक निर्दयी शासन का अंत दूसरे निर्दयी शासन को जन्म

//श्रुति व्यास/

**मनमानी और लोगों को दबा कर शासन करने वालों का राज एक न एक दिन खत्म होता ही है। और जब उनके राज का अंत होता है तो वह निष्ठुर होता है। और उन देशों में भी जहां लोकतंत्र दिखावे का है। हाल के दशकों पर निगाह डालें। शेख हसीना का क्या हुआ। सद्दाम हुसैन, गद्दाफी, जीन अल अबिदीन बेन अली, होस्नी मुबारक आदि की सूची में अब बशर अल-असद का नाम भी जुड़ गया है।**

असद परिवार के पचास साला राज के खात्मे का सभी और स्वागत है। सीरिया में लोगों ने राहत की सांस ली। वहां एक नई शुरूआत' और बाकी दुनिया से नए सिरे से संबंध कायम करने को लेकर जश्न का माहौल है। पश्चिम ने असद सरकार के तख्तापलट पर अपनी प्रसन्नता और हर्ष बेबाकी से जाहिर की है।

लेकिन एक ऐसे देश के लिए नई शुरूआत कैसी होगी जिसने सिर्फ निर्ममता भुगती है? वे एक नई शुरूआत कैसे करेंगे जबकि उन्होंने जीवन भर सिर्फ दमन देखा-भोगा है? इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि इस्लामिक उग्रवादियों और आतंकवादियों का गठबंधन ताजी शुरूआत' का प्रतीक भला कैसे बन सकता है? भविष्य में वे क्या करेंगे यह कोई नहीं जानता। ऐसे में क्या इनके सत्ता पर काबिज होने का जश्न मनाया जाना चाहिए?

दस साल पहले मिस्र, लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन ङ्क जहां तानाशाहों का तख्ता पलट दिया गया था ङ्क में खुशियां मनाईं गईं थीं और सुनहरे, आजादी भरे दिनों का इंतजार था। उम्मीदों का कोई ठिकाना न था। सारी दुनिया ने तानाशाहों का राज खत्म होने की थी। ये चार देश क्रांति की सफलता की नजीर बन गए थे। उसे अरब स्प्रिंग कहा गया था। लेकिन आज इन देशों में जो हालात हैं वे हमारे लिए एक चेतावनी हैं। मिस्र में लोकतंत्र अधिक समय तक कायम न रह सका। लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन गृहयुद्ध में फंस गए। ये विदेशी ताकतों का अखाड़ा हुए। खाड़ी के अमीर देशों ने वहां अपने लोगों को सत्ता पर काबिज कराने और अन्य देशों में अलोकतांत्रिक शक्तियों की मदद के लिए बेशुमार पैसा खर्च किया। आज इस क्षेत्र में 2010 से भी कम आजादी है और ज्यादातर पैमानों पर इन देशों के हालात खराब ही हैं।लोकतंत्र के झंडाबरदार पश्चिमी देश, इन देशों की नई शुरुआत में मददगार नहीं हुए। जैसा कि अफगानिस्तान के मामले में हुआ, अब वे इस सोच-विचार में डूबे हुए हैं कि उन देशों में बगावत को सफल बनाने के लिए वे क्या कर सकते थे। क्या इससे ज्यादा आत्ममुग्ध होना संभव है?

जो हुआ उसकी वजह बहुत और सीधी है। बगावत के बाद ईरान से रूस तक, और पश्चिम देशों से लेकर तक क्षेत्रीय ताकतों तक ङ्क सभी इन देशों में अपना दबदबा कायम करने में जुटे। इसके अलावा, इस्लामवादी समूह भी सक्रिय थे जो चाहते थे कि उनकी मर्जी चले और सत्ता पर उनका प्रभाव रहे। लेकिन सबसे बड़ी भूल हालातों को समझने में हुई। लोकतंत्र के लिए मात्र यह पर्याप्त नहीं होता कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हों। उसके लिए बातों को समझने, जानने और उनमें रूचि लेने वाले नागरिकों, सभी पक्षों को स्वीकार्य नियम-कानूनों और इस सांझे भरोसे की भी जरूरत होती है कि राजनैतिक मतभेद देश के अस्तित्व के लिए खतरा नहीं बनेंगे।सीरिया पर असद का राज खत्म होना एक राहत भरी खबर है लेकिन अनिश्चितता के हालात हैं। इस्लामिक उग्रपंथियां का गठबंधन एक बड़ा खतरा है। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), जिसकी इस तख्तापलट में सबसे बड़ी भूमिका थी, काफी शक्तिशाली है। अमेरिका इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। देश में अपना दबदबा कायम करने के लिए एचटीएस को एक अन्य तुर्की-समर्थित संगठन, जिसका प्रभाव क्षेत्र उत्तरी सीरिया है, और कुर्दिश नेतृत्व वाले पूर्वी सीरिया के एक धर्मनिरपेक्ष गठबंधन, जिसे अमेरिका का समर्थन हासिल है, से निपटना होगा। हालांकि एचटीएस अपनी छवि एक उदारवादी और नर्मदिल संगठन की बनाने की कोशिश कर रहा है, जो ईसाईयों, ड्रूसों और असद के समर्थन के मुख्य आधार शिया समुदाय के अलावतियों समेत सीरिया के विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना चाहता है। लेकिन यह तभी संभव हो सकेगा जब असद के बाद के दौर के सीरिया के शासन के संचालन के संबंध में इन समुदायों के साथ इस संगठन का कोई समझौता हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो गृहयुद्ध चलता रहेगा क्योंकि विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के लडाके, नई केन्द्रीय सरकार को अपने-अपने इलाकों में घुसने से रोकने के लिए खड़े हो जाएंगे।

जहां तक विदेशी शक्तियों का सवाल है, तुर्की ने अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी है। तुर्की, सीरिया में राजनैतिक स्थिरता इसलिए भी चाहता है क्योंकि तुर्की में रह रहे 30 लाख सीरियाई शरणार्थी तब तक अपने देश वापिस नहीं जाएंगे जब तक वहां से असद का नामोनिशां मिट नहीं जाता। राष्ट्रपति अर्दोगान को शरणार्थियों को वापिस भेजने में असफल रहने के लिए देश में आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन तुर्की किस सीमा तक एचटीएस को अपने नियंत्रण में रख सकेगा, यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। अर्दोगान का एचटीएस के नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी पर कितना प्रभाव है, यह स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा ईरान और रूस की प्रतिक्रिया क्या होगी और वे कौन-से कदम उठाएंगे, यह समय बताएगा। ईरान का मानना है कि एचटीएस के सशक्त होने और आगे बढने़ में इजराइल और अमेरिका का मुख्य योगदान रहा है। उसका दावा है कि इजराइल इस संघर्ष का लाभ उठाकर सीरिया के रास्ते ईरान से लेबनान पहुंचाए जाने वाले हथियारों के मार्ग को बंद करना चाहता है। यह बात सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर कही जा रही है, खासकर शियाओं द्वारा। सीरिया का घटनाक्रम निश्चित ही क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित करेगा।असद परिवार का राज खत्म होना उतना ही बुरा है जितना उनका शासन था। इसलिए दुनिया को और बुरे हालातों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया के इस इलाके में अनिश्चितता है और कष्टपूर्ण हालात हैं। कुछ देश पूरी तरह असफल हो चुके हैं और कुछ ऐसे है जो अपनी युवा आबादी को बेहतर भविष्य देने में सक्षम नहीं हैं। बगावतें, कामयाब कम होती हैं और नाकामयाब ज्यादा। वे अक्सर चार दिन की चांदनी साबित होती हैं। पश्चिम एशिया में एक निर्दयी शासन का अंत दूसरे निर्दयी शासन को जन्म देता है ङ्क जो उतना ही या उससे ज्यादा बर्बर होता है। लोकतंत्र, स्वतंत्रता, उम्मीद और समृद्धि इस क्षेत्र को रास नहीं आते।

## तस्वीरों की दुनिया




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी कार्यालय में महिला सम्मान योजना के दौरान सभा को संबोधित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी दिखीं।



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली में संसद भवन में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के खिलाफ तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन के होमगार्ड ग्राउंड में योग शिविर में भाग लिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेना के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगदेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने दिल्ली से राजामहेंद्रवरम को जोड़ने वाली सीधी उडान सेवा का उद्घाटन किया।

# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मिलेगा कैशलेस उपचार, देशभर में नियम लागू करने की तैयारी

**नईदिल्ली, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

विडंबना है कि दुनिया की आबादी के लिहाज से वाहनों की संख्या में एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला भारत, सड़क दुर्घटनाओं से मौत के वैश्विक आंकड़ों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की हिस्सेदारी रखता है। इन मौतों का प्रमुख कारण घायलों को समय से इलाज नहीं मिल पाना है। इसे देखते हुए मोदी सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में वर्ष 2019 में संशोधन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कैशलेस इलाज को कानूनी अनिवार्यता दे दी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना अभी छह राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के निष्कर्षों को व्यावहारिकता की कसौटी पर कसते हुए अब इस सुविधा को देशभर में लागू करने की तैयारी है।उन्होंने बताया कि कैशलेस इलाज की योजना अभी असम, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और पुडुचेरी में लागू है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ट्रामा और पालीट्रामा के लिए स्वास्थ्य लाभ पैकेज दिया जा रहा है। मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को प्रति दुर्घटना अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार दिए जाने की व्यवस्था है।पीड़ितों को यह राहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिन में ही दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश में रोड एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। नीति आयोग और एम्स की रिपोर्ट के हिसाब से 30 प्रतिशत मृत्यु जो हुई हैं, वह दुर्घटना के तुरंत बाद स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने के कारण हुईं। इसीलिए यह कैशलेस योजना लाई गई थी। अभी तक इससे 2100 लोगों की जान बची है और अधिकतम 1,25,000 रुपये



ही इलाज के लिए देने की जरूरत पड़ी है। जल्द ही यह योजना उत्तर प्रदेश में शुरू हो रही है और योजना के सकारात्मक परिणाम के आधार पर तीन माह में पूरे देश में लागू करने का विचार है।गडकरी ने कहा कि जब वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेश जाते हैं और सड़क हादसों पर चर्चा होती है तो हाथों से अपना मुंह छिपाने का प्रयास करते हैं। लेन की अनुशासनहीनता को सड़क हादसों का प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जब उन्होंने कार्यभार संभाला था, तब हादसों को पचास प्रतिशत घटाने का लक्ष्य तय किया था। आज हादसे घटने की बात तो भूल जाइए, यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि सड़क हादसों की संख्या बढ़ गई है।गडकरी ने यातायात नियमों की अनदेखी पर चिंता जताते हुए अपना उदाहरण भी दिया कि उनकी कार का भी दो बार मुंबई में चालान हो चुका है। यातायात नियमों के प्रति मानव व्यवहार और समाज के बदलाव पर जोर देते हुए मंत्री ने बताया कि उनका स्वयं का परिवार भी सड़क हादसे का शिकार हुआ था, तब उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था।उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार बड़ी समस्या नहीं है, क्योंकि दुनिया में लोग तेज गाड़ी ही चला रहे हैं। भारत में बड़ी समस्या लेन का अनुशासन न होने से है। सड़क पर ट्रकों की पार्किंग और ट्रकों द्वारा लेन का पालन न किए जाने से भी बहुत हादसे होते हैं। युवाओं को यातायात अनुशासन के बारे में शिक्षित करने की जरूरत है। बच्चों को भी यातायात नियमों के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाने की जरूरत है।उन्होंने कहा, भारत में मानव व्यवहार को बदलना होगा, समाज को बदलना होगा और कानून का सम्मान करना होगा। सड़कों पर यातायात कानून का उल्लंघन जांचने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

सभी संसद सदस्यों को चाहिए कि वे अपने संसदीय क्षेत्र में यातायात जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 1.78 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें 60 प्रतिशत यानी सर्वाधिक संख्या 18-34 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं की होती है। गडकरी ने इस बात पर दुख जताया कि लोगों में कानून का डर नहीं है और तमाम लोग बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने के साथ लाल बत्ती पार करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश राज्यों में, जबकि दिल्ली शहरों में सबसे ऊपर है। उत्तर प्रदेश में एक वर्ष में 23,000 मौतें दर्ज की गईं, जो कुल मौतों का 13.7 प्रतिशत है।

इसके बाद तमिलनाडु का नंबर आता है, जहां 18,000 यानी 10.6 प्रतिशत लोगों की जान सड़क हादसों में गई। महाराष्ट्र में यह आंकड़े 15,000 या कुल मौतों का नौ प्रतिशत हैं और इसके बाद मध्य प्रदेश का नंबर आता है, जहां 13,000 मौतें (आठ प्रतिशत) दर्ज की गईं। शहरों की बात करें तो 1,400 मौतों के साथ दिल्ली नंबर एक पर है। इसके बाद बेंगलुरु (915) और तीसरे नंबर पर 850 मौतों के साथ जयपुर आता है। लोकसभा ने गुरुवार को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी।

## केरल के पलक्कड़ में बड़ा सड़क हादसा, बेकाबू ट्रक ने चार छात्राओं को मारी टक्कर, सभी की मौत



**पलक्कड़, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केरल के पलक्कड़ जिले के कल्लादिकोड में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रक के कुचलने से चार स्कूली छात्रों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक लड़कियां पास के ही हायर सेकेंडरी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं। हादसा पलक्कड़-कोझिकोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल्लादिकोड के पास पनायमपदम में तब हुआ जब सीमेंट से लदा एक ट्रक नियंत्रण खो बैठा और स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे छात्रों को कुचल दिया और फिर पलट गया। घटना गुरुवार को शाम में करीब चार बजे हुई, पांच छात्राएं सड़क पर एक तरफ चल रहीं थी, तभी ट्रक सड़क पर चल रहीं छात्राओं के ऊपर चढ़ गया जिनमें से चार की जान चली गई और लड़की बच गई। पुलिस के मुताबिक, छात्रों को टक्कर मारने के बाद ट्रक पलट गया, जिससे आशंका जताई जा रही थी कि ट्रक के नीचे और भी बच्चे फंसे हो सकते हैं। पुलिस ने कहा कि छात्रों को जल्द ही इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने बताया कि जब घंटों की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से वाहन को उठाया गया, तो पता चला कि नीचे कोई नहीं था और स्थानीय लोगों का डर दूर हो गया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कल्लादिकोड में दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसे चौंकाने वाला और दुखद घटना बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी विभाग सभी घायल छात्रों के लिए आपातकालीन चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समन्वय में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि विस्तृत जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, दुर्घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई कि पनायमपदम क्षेत्र में एक दुर्घटना हॉटस्पॉट में बदल गया है। उन्होंने क्षेत्र में बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं की समस्या के समाधान के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की।मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं है, और वे जांच कर रहे हैं कि क्या ट्रक किसी अन्य वाहन से टकराया था या नियंत्रण खो गया था। अधिकारी ने कहा कि यह क्षेत्र हाइड्रोप्लानिंग के लिए प्रवण है, और वाहन का निरीक्षण करने पर, ओवरलोडिंग की कोई समस्या नहीं थी, टायर अच्छी स्थिति में थे, और वाहन बहुत पुराना नहीं है। एमवीडी अधिकारी ने कहा कि क्या हुआ था यह निर्धारित करने के लिए एक विस्तृत जांच की जाएगी।एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यह पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी कि क्या दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार थी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि ट्रक ने दूसरे वाहन को टक्कर देते समय नियंत्रण खो दिया और पलट गया।

## राजस्थान में पहाड़ों को बचाने की कवायद तेज, जल्द बनगी नई हिल नीति, 20 दिसंबर तक मांगे सुझाव



**जयपुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान में पहाड़ों को बचाने के लिए राज्य सरकार नई हिल नीति बना रही है। इसके तहत प्रदेश में 15 डिग्री से ज्यादा ढलान वाले पहाड़ों पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो सकेगा। पहाड़ की ऊंचाई नापने के लिए इसरो का कार्टोसैट डेटा फार्मूला अपनाया जाएगा। कार्टोसैट डेटा भारतीय रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट है जो इन आर्बिट स्टीरियो इमेज प्रदान करता है। यह नीति प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू को छोड़कर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में लागू होगी। नीति के तैयार मसौदे के अनुसार आठ डिग्री और आठ से 15 डिग्री तक के पहाड़ों पर फार्म हाउस, रिसोर्ट अथवा अन्य पर्यटन इकाई स्थापित करने के लिए मंजूरी सरकार की ओर से मिल जाएगी, लेकिन 15 डिग्री से ऊंचे पहाड़ों पर निर्माण कार्य नहीं हो सकेगा।सरकार का मानना है कि अरावली क्षेत्र के पहाड़ों एवं वन क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए यह नीति कारगर होगी। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि लोगों से 20 दिसंबर तक सुझाव मांगे गए हैं।नीति में प्रावधान किया जा रहा है कि पहाड़ी की ऊंचाई का निर्धारण संबंधित स्थनीय निकाय अथवा प्रशासनिक इकाई स्टेट रिमोट सेंसेसिंग एजेंसी और सर्वे ऑफ इंडिया के सहयोग से करेंगे। पहाड़ियों के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की जा रही हैं।

ए श्रेणी में वह भू-भाग जो आठ डिग्री तक के ढलान वाला क्षेत्र हो, बी श्रेणी में ढलान आठ डिग्री से अधिक व 15 डिग्री तक हो। सी श्रेणी में ढलान 15 डिग्री से अधिक हो, इसमें किसी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

## अर्धसैनिक बल में 46 हजार नियुक्ति को कलकत्ता हाई कोर्ट की हरी झंडी, 23 दिसंबर को प्रधानमंत्री के रोजगार मेले का कार्यक्रम



**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने देशभर में अर्धसैनिक बल में 46 हजार 617 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हरी झंडी दे दी है। गुरुवार को जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस पार्थसारथी चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने कहा कि अर्धसैनिक बलों की नियुक्ति की मेरिट सूची प्रकाशित की जा सकती है। याचिकाकर्ताओं को बाद में पात्र पाए जाने पर मेरिट सूची में शामिल करना होगा। अर्धसैनिक बल में 46,000 पद खाली है। देश के बाकी हिस्सों में भी राज्य में मुकदमेबाजी के कारण भर्ती प्रक्रिया रोक दी गई थी। अवसर नहीं मिलने के कारण 38 लोगों ने कलकत्ता हाई कोर्ट में केस दायर किया था। उनके मामले में एकल पीठ ने कहा था कि याचिकाकर्ताओं की याचिका पर विचार किए बिना भर्ती प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

दूसरी ओर 23 दिसंबर को प्रधानमंत्री के रोजगार मेले का कार्यक्रम है, जहां केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी पाने वालों को सीधे नियुक्ति पत्र दिया जाता है। ऐसे में केंद्र ने आनन-फानन में सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच का रुख किया। उन्होंने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। गुरुवार को डिवीजन बेंच ने अर्धसैनिक बलों की भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दे दी।आधा सेंटीमीटर ऊंचाई को लेकर था विवाद पिछले साल कर्मचारी चयन आयोग ने अर्धसैनिक बल की 46 हजार 617 रिक्तियों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। एसएससी ने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी।

बंगाल के नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों का कहना था कि अर्धसैनिक बलों में नौकरी पाने के लिए ऊंचाई 170 सेमी होनी चाहिए। उन्हें इस आधार पर वंचित कर दिया गया कि उनकी ऊंचाई आधा सेंटीमीटर कम है लेकिन नियमानुसार यदि आधा सेंटीमीटर ऊंचाई कम है तो पद के लिए पात्र माना जाना चाहिए।मामले में जस्टिस सौगत भट्टाचार्य और बाद में जस्टिस अरिंदम मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने कहा कि 38 अभ्यर्थियों के मामले में विचार करना होगा।

## कौन हैं एसीपी मोहसिन खान, यौन शोषण के आरोप के बाद पद से हटाए गए, पीएचडी की छात्रा ने की है शिकायत

**कानपुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पीएचडी की छात्रा ने कलक्टरगंज के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोहसिन खान पर यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बाद उन्हें पद से हटाकर डीजीपी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए एडीसीपी अर्चना सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। अदालत में छात्रा के बयान दर्ज कराए जाएंगे। इसके बाद गिरफ्तारी व आगे की कार्रवाई होगी। लखनऊ के रहने वाले मोहसिन खान वर्ष 2015 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। वह एसीपी क्राइम का भी पदभार संभाल रहे थे। जुलाई 2024 में उन्होंने विभागीय अनुमति लेकर शहर के एक शिक्षण संस्थान से साइबर क्राइम, इन्वेस्टिगेशन एंड क्रिमिनोलॉजी विषय पर पीएचडी शुरू की थी। मोहसिन के साथ ही शोध कर रही चतुर्थ वर्ष की छात्रा ने बुधवार को आरोप लगाया था कि मोहसिन ने खुद को अविवाहित बताकर नजदीकी बढ़ाई। इसके बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। मोहसिन के शादीशुदा होने की बात खुली तो उन्होंने छात्रा को बताया कि उनके पत्नी से संबंध अच्छे नहीं हैं और वह उसे तलाक देने जा रहे हैं। आरोप है कि छात्रा ने जब विवाह करने के लिए दबाव बढ़ाया तो मोहसिन ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद छात्रा ने शिक्षकों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को मामला चर्चा में आया तो पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने सुबह अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद डीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा शिक्षण संस्थान पहुंचीं और करीब तीन घंटे तक पीड़िता से पूछताछ की। शाम पौने छह बजे पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर एसीपी मोहसिन खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की जानकारी दी गई।

जांच के लिए बनी एसआईटी में एडीसीपी अर्चना सिंह, एसीपी अभिषेक पांडेय, प्रभारी निरीक्षक कल्याणपुर सुधीर कुमार के अलावा साइबर विशेषज्ञ को शामिल किया जाएगा। छात्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी एसीपी को डीजीपी मुख्यालय संबद्ध कराया गया है। पीड़िता का मेडिकल व अदालत में बयान होगा, जिसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई होगी। - हरीश चंदर, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था छात्रा झूठ बोल रही है।

## संयुक्त राष्ट्र में गाजा पर प्रस्ताव पास, भारत ने किया समर्थन, इजरायल और अमेरिका ने विरोध में डाला वोट



**संयुक्त राष्ट्र 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गाजा में अविलंब और स्थायी युद्धविराम के प्रस्ताव का भारत ने समर्थन करते हुए उसके पक्ष में मतदान किया है। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में आया था। इस प्रस्ताव में हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी इजरायली और अन्य देशों के नागरिकों की अविलंब और बिना शर्त रिहाई की बात भी कही गई है। यह प्रस्ताव पारित हो गया है। महासभा के दसवें आपात सत्र में इंडोनेशिया द्वारा गाजा में युद्धविराम की मांग के शीर्षक वाला प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ और उस पर चर्चा के बाद मतदान हुआ। प्रस्ताव के समर्थन में भारत सहित कुल 158 देशों ने मतदान किया, जबकि इजरायल और अमेरिका ने प्रस्ताव के विरोध में वोट डाला। यूक्रेन, अल्बानिया सहित 13 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र के 193 देश सदस्य हैं, जिन्हें प्रस्ताव पर मतदान का अधिकार है। प्रस्ताव में अविलंब, बिना शर्त, स्थायी युद्धविराम की मांग की गई थी, जिसे महासभा ने बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है। आमसभा में यह प्रस्ताव जून 2024 में सुरक्षा परिषद के उस संकल्प के बाद आया था, जिसमें अविलंब युद्धविराम और फलस्तीनी कैदियों के बदले में गाजा में बंधक बने लोगों की रिहाई की बात कही गई थी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र में पारित प्रस्ताव इजरायल के लिए बाध्यकारी नहीं है, लेकिन इससे विश्व समुदाय की इच्छा का पता चलता है। गाजा में गुरुवार को इजरायल के हमलों में 36 लोग मारे गए। इनमें से ज्यादातर लोग इजरायल के दो हवाई हमलों में मारे गए। ये हमले रफाह और खान यूनिस में हुए हैं। इजरायली सेना ने दावा किया है कि इन हमलों में हमास के लड़ाकों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया गया। जबकि हमास ने कहा है कि इजरायली सेना मानवीय सहायता लेकर गाजा आ रहे ट्रकों को सुरक्षा देने वालों को निशाना बना रही है। इससे बेघर लोगों को खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान मिलने में बाधा आ रही है।

## निजी बिजली कंपनी को सब्सिडी देने पर उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल- एनपीसीएल को नहीं दी गई सब्सिडी, फिर क्यों

**लखनऊ, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के 42 जिलों के 1.62 करोड़ उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति संभालने वाली पांचों निजी कंपनियों को भी राज्य सरकार सब्सिडी देती रहेगी।मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनर्जी टास्क फोर्स से मंजूर किए गए निजीकरण के मसौदे में निजी कंपनियों को सब्सिडी देने की व्यवस्था होने पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए कहा है कि जब पहली निजी कंपनी एनपीसीएल (नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड) को सब्सिडी नहीं दी जा रही थी तब फिर नई निजी कंपनियों को क्यों सब्सिडी देने की बात कही जा रही है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा लाइफ लाइन व घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम को 4,535 करोड़ और दक्षिणांचल को 4,526 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। डिस्कॉम के बढ़ते घाटे के मद्देनजर पावर कारपोरेशन प्रबंधन संबंधित क्षेत्र को पांच निजी कंपनियों को सौंपने की तैयारी में है। गौर करने की बात यह है कि पहली बार वर्ष 1993 में जब एनपीसीएल को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करने का लाइसेंस सौंपा गया था तब से सरकार उसे कोई सब्सिडी नहीं दे रही है।परिषद अध्यक्ष का कहना है कि एनपीसीएल की तरह पांचों निजी कंपनियों को भी सब्सिडी नहीं दी जा सकती।

## डिंडीगुल जिले के प्राइवेट अस्पताल में लगी आग, छह लोगों की मौत

**डिंडीगुल 13 दिसम्बर।** तमिलनाडु के डिंडीगुल जिला स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार को आग लगने से एक नवजात बच्चे समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी छह लोगों को लिफ्ट में बेहोश पाया गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अस्पताल में आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने करीब 30 मरीजों को अस्पताल से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। हालांकि छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गई।बचाए गए लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, संभवता आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट हो सकता है।वीडियो फुटेज में अस्पताल की इमारत से आग और धुआं उठता दिखाई दे रहा है और अग्निशमन वाहन आग बुझाने की कोशिश में जुटे हैं।

## पकौड़ी को लेकर विवाद, पांच लोगों ने कर दी युवक की हत्या, कोर्ट ने आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**जयपुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कभी-कभी छोटी बात इतनी बड़ी हो जाती है कि लेने के देने पड़ जाते हैं। ऐसा ही हुआ राजस्थान में जहां ठंडी पकौड़ी को लेकर शुरू हुए विवाद में पांच लोगों ने एक युवक की हत्या कर दी। वहीं, राजस्थान में पांच साल पुराने मामले में अदालत ने मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और तीन आरोपियों को तीन महीने की सजा सुनाई है और अर्थदंड लगाया है। मामला ठंडी पकौड़ी को लेकर शुरू हुआ था यहां कुछ लोगों ने मिल एक दलित युवक की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

वहीं, एससी-एसटी कोर्ट ने मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला झुंझुनूं जिले का है यहां कुछ लोगों ने सचिन नाम के युवक की हत्या कर दी थी।मामला उदयपुरवाटी थाने का है, जहां श्रीमाधोपुर के जयरामपुरा निवासी मोतीराम मीणा ने कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने शिकायत में बताया कि उनका बेटा सचिन कोट बांध घूमने आया था जहां पर रामावतार गुर्जर की पकौड़ी की दुकान थी।

सचिन ने पकौड़ी मांगी तो रामावतार ने उसे ठंडी पकौड़ीं दीं जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। रामावतार गुर्जर और उसके साथ पिंटू गुर्जर, रतनलाल अन्य लोगों ने मिलकर सचिन के साथ बेरहमी के साथ मारपीट की, जिससे सचिन की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जांच की तो पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें रामावतार गुर्जर, मोहनलाल, रतनलाल, फूलचंद और पिंटू गुर्जर शामिल थे। मामले में 18 गवाह और 40 साक्ष्य पेश किए गए थे।

# ट्रंप के क्रिप्टो उद्यम ने हमास-हिजबुल्ला से जुड़े प्लेटफॉर्म के साथ की साझेदारी, विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**वाशिंगटन, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े एक नए क्रिप्टोकरेंसी उद्यम ने मिडिल ईस्ट में विवादास्पद गतिविधियों से जुड़े हमास और हिजबुल्ला से जुड़े प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की है। रॉयटर के मुताबिक क्रिप्टोकरेंसी उद्यम वेंचर वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल इंक, डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति स्टीव विटकॉफ द्वारा शुरू किया गया एक क्रिप्टो उद्यम है। वहीं, आपराधिक समूहों के साथ प्लेटफॉर्म के संबंधों के कारण इस साझेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों और वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्रिप्टो से आए धन का इस्तेमाल अपराधियों और ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों हमास और हिजबुल्लाह द्वारा किया



गया है। अमेरिकी सरकार से जुड़े छह विशेषज्ञों का कहना है कि यह नैतिकता और हितों के टकराव पर को लेकर चिंताजनक है। विशेषज्ञों की चिंता का विषय ट्रॉन क्रिप्टो प्लेटफॉर्म है।

खास बात यह है कि ट्रॉन क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बिटकॉइन की तुलना में काफी लचीला और सस्ता है, इसलिए यह लॉन्च के बाद कम समय में ही प्रसिद्ध हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रॉन बिटकॉइन की तुलना में तेज है।वित्तीय अपराध विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित समूहों से जुड़ा हुआ है। इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों द्वारा आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित समूह ट्रॉन नेटवर्क का इस्तेमाल क्रिप्टो हस्तांतरण के कर रहे हैं। ट्रॉन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह वर्ल्ड लिबर्टी में 30 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है। सन एंड वर्ल्ड लिबर्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ट्रॉन के संस्थापक, चीनी मूल के उद्यमी जस्टिन सन, एक सलाहकार के रूप में ट्रंप-विटकॉफ उद्यम में शामिल होंगे।

इजरायली अधिकारियों के अनुसार, 2021 के बाद से इजरायली सुरक्षा सेवाओं ने अक्सर आतंकवादियों द्वारा ट्रॉन क्रिप्टो के उपयोग को उजागर किया है, जिसमें हमास भी शामिल है। गाजा में पिछले साल अक्तूबर से इजरायल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है।टाइम मैगजीन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर घोषित किया है। उन्हें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, एलन मस्क, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वेल्स की राजकुमारी केट सहित प्रमुख हस्तियों के साथ फाइनलिस्ट के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। इस घोषणा के बाद ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में ओपनिंग बेल भी बजाई। यह ट्रेडिंग दिवस की शुरुआत का प्रतीक है और इसे एक सम्मान माना जाता है।

# नागरिक निकाय कार्यालय में कर्मचारियों ने किया हड़ताल, चिरमिरी निगम में हड़ताल का दिखा बड़ा असर

## जल, विद्युत, वाहन, सफाई सहित सभी आवश्यक कार्य हुए पूरी तरह से ठप्प







**नगर संवाददाता**

**चिरमिरी।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वाधान में 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में की गई है । छत्तीसगढ़ में एक साथ 184 निकाय के कर्मचारियों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर से रायपुर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है, वहीं एमसीबी जिले से भी काफी संख्या में कर्मचारी रायपुर पहुंच चुके हैं और कुछ पहुंच रहे हैं।

नगरीय निकाय के कर्मचारियों के हड़ताल के दूसरे दिन ही पूरा चिरमिरी शहर थम सा गया है । पानी सप्लाई, सफाई व्यवस्था, कार्यालय सहित कचरा परिवहन के लिए लगने वाले ड्राइवर, पानी सप्लाई करने वाले टैंकर, पार्कों में काम करने वाले कर्मचारी लगभग सभी हड़ताल पर चले गए हैं। उपरोक्त संदर्भ में संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारी पंचूराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, ओल्ड वेतन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर कर्मचारियों की पदोन्नति करने, छठवें एवं सातवें वेतनमान को लागू करने, एरियस राशि भुगतान करने, नगरीय निकाय में ठेका पद्धति समाप्त करने सहित कई अन्य मांगे शामिल है । इसके पूर्व 12 नवंबर से 14 नवंबर 2024 तक 6 सूत्री मांगों को लेकर निकाय के कर्मचारी बिलासपुर में हड़तालकर चुके हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि शासन 6 सूत्री मांगों पर कोई विचार नहीं कर रहा है । सिर्फ आश्वासन दे रहा है । वही आगामी नगरी निकाय चुनाव में कोई भी कर्मचारी है या उनके परिवार सदस्य मतदान भी नहीं करेगा इस संबंध में कर्मचारियों से चुनाव में भाग में नहीं लेने संबंधित प्रपत्र फार्म भी भरवाया गया है जिससे निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन और विकास विभाग को भी पत्र प्रेषित किया गया है । वर्तमान में कई नगरीय निकायों में दो से चार माह का वेतन भुगतान लंबित है । इस संबंध में राज्य शासन द्वारा नगरी निकायों में एक तारीख को वेतन भुगतान किए जाने हेतु आदेश को प्रसारित किया गया है किंतु नगरीय निकायों के अधिकारी आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं कर पा रहे है।

### कर्मचारियों को वेतन न मिलना बड़ी समस्या

मिली जानकारी के अनुसार चिरमिरी नगर निगम में स्थाई कर्मचारियों को लगभग चार महीना 12 दिन हो गए हैं, आज तक किसी भी कर्मचारी को वेतन का भुगतान नहीं हुआ है । वही अस्थाई कर्मचारियों की बात करें तो लगभग 3 महीना होने को है उन्हें भी वेतन नहीं मिल पा रहा है । वहीं पार्षद और एल्डरमेन को भी शासन की तरफ से जो मानदेय दिए जाते हैं पिछले 5, 6 माह से उन्हें भी नहीं दिया जा रहा है । आखिर क्या वजह है कि दिन रात शासन के आदेशों के तहत घर परिवार छोड़कर आम जनमानस की सेवा करने वाले कर्मचारी आज अपने वेतन के लिए दर-दर भटक रहे है । अपने वेतन के लिए जब कर्मचारी कमिश्नर से बात करते हैं तो कमिश्नर दो टूक कहते हैं कि जब सैलरी ऊपर से आती थी, तो हम आपको भुगतान करते थे । अब जब सैलरी ऊपर से नहीं आ रही है, तो अपना घर बेचकर हम नहीं देंगे। ज्ञात हो कि प्रतिमाह लगभग दो करोड़ 70 लाख रुपया चिरमिरी निगम का ही सैलरी के तौर पर अधिकारी और कर्मचारियों को देना पड़ता है । यदि हम चार माह की बात करें तो लगभग 10 से 12 करोड रुपए सिर्फ वेतन भुगतान चिरमिरी निगम का ही बकाया है। वहीं बिजली बिल भी लगभग 20 लाख रुपए का बकाया बताया जा रहा है । डीजल पेट्रोल प्रदान करने वाली कंपनियां भी हाथ खड़ा कर रही हैं । लगभग 15 लाख रूपया उनका बकाया है।

### राम प्रसाद अंचला आयुक्त नगर पालिक निगम चिरमिरी

कर्मचारियों के हड़ताल को तुड़वाने का प्रयास किया जा रहा है, कल से क्लीन सिटी के कर्मचारी काम पर लौट सकते है ।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश प्रसारित प्रदेशवासियों को दिया विकास का भरोसा



**कोरिया।** आज शाम 4 बजे प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों और प्रमुख न्यूज़ चौनलों पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों ने संदेश को सुना। मुख्यमंत्री ने अपने वचन में बीते एक वर्ष की उपलब्धियों और प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने कहा, '13 दिसंबर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। यह वर्ष प्रदेशवासियों के विश्वास और सहभागिता से विकास को समर्पित रहा। हमने छत्तीसगढ़ को विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के उद्देश्य से कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। जनजातीय गौरव को पुनर्स्थापित किया गया, तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 से बढ़ाकर 5500 मानक बोरा किया गया। जनजातीय समाज की आय और रोजगार बढ़ाने के लिए नई योजनाएं लागू की गईं। नई उद्योग नीति से विकास को बढ़ावा, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार के लिए नई नीति लाई गई। रोजगार के नए अवसरों का सृजन और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर। अंत्योदय के संकल्प का पालन, पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए विशेष योजनाओं का संचालन। प्रदेश के हर व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुंचाने का वादा। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे इसी विश्वास और सहभागिता के साथ प्रदेश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। आने वाले वर्षों में हम प्रदेश को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बैठक अब 20 होगी

**कोरिया।** जिला पंचायत सामान्य सभा की होने वाली बैठक 13 को जिला पंचायत मंथन कक्ष में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की आगामी बैठक 20 को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत मंथन कक्ष में आयोजित की जाएगी।



## विद्यालयों में स्वेटर, जूते और पेन का वितरण जारी, बच्चों में उत्साह

**कोरिया।** जिले में बच्चों को ठंड से बचाने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार स्कूलों में स्वेटर, जूते, मौजे और पेन का वितरण किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों और जनसमुदाय के सहयोग से यह पहल सभी विद्यालयों में जारी है। इसी कड़ी में आज प्राथमिक शाला जनकपुर में बच्चों को स्वेटर, जूते, मौजे और पेन वितरित किए गए। साथ ही माध्यमिक शाला जनकपुर, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गदबदी और पहाड़पारा के छात्र-छात्राओं को भी स्वेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, शाला प्रबंध समिति के सदस्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नई वस्तुओं को पाकर उत्साह प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को ठंड से बचाव और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने का महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला प्रशासन का यह प्रयास बच्चों को ठंड के मौसम में राहत प्रदान करने और उनकी पढ़ाई में किसी भी बाधा को रोकने के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस अभियान को जिले के सभी विद्यालयों में सफलतापूर्वक लागू करने के निर्देश दिए हैं।

# लखपति दीदी के लिए लक्षित महिलाओं के सहयोग के लिए तत्पर रहें विभाग:डॉ आशुतोष




**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में आगामी दो वर्षों में ढाई हजार से ज्यादा महिलाओ को आर्थिक तौर पर सक्षम बनाते हुए लखपति दीदी के श्रेणी में लाया जाना है। इसके लिए उन्हे संसाधन, कौशल और विभागीय योजनाओं का लाभ देकर स्वावलंबी बनाना आवश्यक है। इसके लिए जिला स्तर पर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उद्यमी इच्छाशक्ति रखने वाली समस्त महिलाओं का विस्तृत सर्वे कर डाटा एकत्र कर लिया गया है और अब आप सभी के सहयोग से हम लक्ष्य के अनुरूप सभी को संसाधन, कौशल और विभिन्न अनुदान देकर सक्षम बनाने का कार्य करेंगे। विभागीय अधिकारियों को इसके लिए एक सिरे से जुटकर प्रयास करना होगा। विभागीय योजनाओं के लक्ष्य में महिलाओं के प्रतिशत को केवल दस तक सीमित ना रखकर सभी को अधिकतम लाभ लखपति दीदी योजना के लिए चयनित महिलाओं को देना होगा। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने उक्ताशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक लखपति दीदी योजना है। इसके लिए हमें जितना लक्ष्य मिला है उसके अनुरूप हमें आने वाले दो वर्षों में छब्बीस सौ महिलाओं को लखपति की श्रेणी में लाना है। इन लखपति दीदियों के सर्वे के लिए विभिन्न मानको पर चर्चा करते हुए डॉ आशुतोष ने कहा कि सर्वे के दौरान महिलाओं की पूरी जानकारी जैसे उनकी पारिवारिक स्थिति, आर्थिक स्थिति, सदस्य संख्या से लेकर उनके दैनिक जीवन की समस्त जानकारी भी एकत्र कराई गई है। उनके परिवार के पास भूमि की उपलब्ध और उसमें सिंचाई के साधन जैसे छोटे विषय भी इस प्रपत्र में जानकारी के दौरान एकत्र कर लिए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इन महिलाओ की रूचि व परंपरागत तौर पर किए जा रहे उद्यम या रोजगार की भी जानकारी हमारे पास आ चुकी है। हमने सभी की जरूरतों को उनके पारिवारिक सामाजिक और आर्थिक स्थिति के अनुरूप चिन्हांकित करा लिया है। अब विभागीय अधिकारियें को केवल उन्हे विशेष प्राथमिकता में लेकर अपनी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। लखपति दीदी योजना के तहत आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करने के लिए आज जिला पंचायत सीईओ की अगुवाई में जिले के कृषि व लाइवलीहुड संबंधी सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित हुए। जिला स्तरीय समन्वय समिति की इस बैठक में सभी विभागों द्वारा प्रदाय की जा सकने वाली योजनाओं और दिए जा सकने वाले प्रशिक्षण व संसाधन अनुदान पर चर्चा की गई। इस बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बिहान टीम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोरबा जिला विकास की राह में आगे बढ़ रहा है:मुख्यमंत्री साय





**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएसईबी पूर्व फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऊर्जाजानी के पावन नगरी में 625 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। यह एक बड़ी राशि है और इस राशि से जिले के विकास का और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले को डीएमएफ से बड़ी राशि प्राप्त होती है और इस राशि से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ अधोसंरचान्तमक विकास में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह के बंधन में बंधने वाले 102 नव दांपत्य जोड़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे हो जायेंगे। इस अवसर को हम जनादेश परब के रूप में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ''मोदी की गारंटी'' पर काम करते हुए शपथ लेने के दूसरे दिन मंत्रिमंडल में निर्णय लिया और प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। आवास से वंचित हमारे प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के लिए निर्णय लिया। आज भी आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया है। पीएम आवास के हितग्राहियों के पक्के मकान बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रहे हैं। 13 लाख से अधिक किसानों के दो साल का बकाया धान बोनस राशि 3716 करोड़ का भुगतान भी किया है। आदिवासियों के आमदनी का मुख्य जरिया तेंदूपत्ता की पारिश्रमिक दर 04 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपये किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में सुशासन की दिशा में काम कर रही है और इसके लिए हम वचनबद्ध है। सरकार बनने के बाद पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच जारी है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। हमने प्रदेश में सुशासन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरबा कोयले का भण्डार वाला क्षेत्र है। पहले डीएमएफ में भी गड़बड़ी होती थी। अभी गड़बड़ी करने वाले जेल में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार डिजीटल, पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में काम कर रही है, इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। मुझे खुशी है कि डीएमएफ की राशि का सदुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने डीएमएफ से हाईस्कूल के मेघावी छात्रों को प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजे जाने, आठवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों को सुबह नाश्ता दिए जाने और चिकित्सकों एवं शिक्षकों की व्यवस्था तथा जिले में किए गए नवाचार के लिए जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को वन अधिकार पत्र, नगरीय निकाय क्षेत्र पाली के 32 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिए जाने की बात कहते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पीवीटीजी क्षेत्रों के विकास के पीएम जनमन योजना शुरू की गई। इस योजना से जिले के पीवीटीजी परिवारों को बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी समुदाय के लोगों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करने के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है, इस योजना में छत्तीसगढ़ के 6 हजार 500 गांव भी शामिल है और इस क्षेत्र के परिवारों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में लागू नई उद्योग नीति के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस नीति से प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति युवाओं, अग्निवीर की सेवा देने वाले सहित अन्य को लाभ मिलेगा। सिंगल विण्डो सिस्टम से एक जगह से आवेदन करने की सुविधा होगी। उप मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन में नगरीय विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आज का दिन ऐतिहासिक दिन है कि इतनी बड़ी 625 करोड़ रूपये की राशि से अधिक की राशि का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह विष्णु देव साय की सरकार है। जनता के पैसे का उपयोग जनता के लिये किया जा रहा है। हमारी प्रतिबद्धता जनता एवं विकास कार्यों के प्रति है। प्रदेश में सांय-सांय विकास कार्य हो रहे हैं। नगर विधायक एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत जो घोषणाएं हुई थी उसे अल्प समय में ही पूरा कर लिया गया। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं की खाते में एक हजार प्रतिमाह डाले जा रहे हैं। 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान कर हितग्राहियों के खाते में आवास निर्माण के लिये पैसे भेजे जा रहे हैं। उन्होंने सरकार के एक साल पूर्ण होने पर कोरबा वासियों को बधाई देते हुए आभार भी प्रकट किया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्वागत भाषण में जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और डीएमएफ की राशि के माध्यम से पारदर्शिता के साथ जिले में कराये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान जिले में डीएमएफ से कोरबा जिले में कराए गए विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने हसदेव नदी पर रपटा निर्माण सहित अन्य कार्यों की घोषणा की** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर विधायक और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की मांग पर जिले में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने सर्वमंगला हसदेव नदी रपटा सहित, पुरानी बस्ती रानी रोड की ओर एप्रोच रोड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कोरबा मुख्यालय में नया सर्किट हाउस निर्माण, झगरहा में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन और कोरबा नगर निगम के विभिन्न वार्डो में विकास कार्यो के लिए 23 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

## मुख्यमंत्री साय का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कोरबा के एसईसीएल ग्राउंड हेलीपेड पर आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन साथ आए। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री श्री साय का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कोरबा अरविंद पीएम, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत, सहित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री ने पीएम आवास के हितग्राहियों को दी चाबी



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरबा प्रवास के दौरान सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय विभागो के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के 3 हितग्राहियों को आवास की खुशियों की चाबी सौंप कर गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को अनुदान राशि के चेक और सामग्री प्रदाय की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला पंचायत के स्टॉल में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अजगरबहार की दुखी बाई बिरहोर, रामधर बिरहोर और सुमति बाई कोरवा को नए आवास की चाबी प्रदाय की और गृह प्रवेश हेतु शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के तहत मेमबाई राठौर,गनेशी चंद्रा और राजमति को आवास की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने आरती सिदार को श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदाय किया। रेशम विभाग के तहत कोसा उत्पादन करने वाले स्वसहायता समूह के सदस्यों, अधिकारियों ने शाल और श्रीफल प्रदाय करके मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रेशम विभाग से कोसाफल उत्पादन के भुगतान हेतु पांच लाख 64 हजार रुपए कि राशि का चेक समूह की महिला सदस्यों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 5 स्वा सहायता समूहों को 30- 30 लाख रुपए के चेक दिए।उन्होंने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांग दुर्गेश्वरी बरेठ,एवं झूमन दास को मोटराइज्ड ट्राईसायकल देकर प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को मेट प्रदाय किया। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के तहत राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना, गोपालन से सुभद्रा राठिया को 93 हजार 200 रुपए अनुदान राशि का चेक देकर उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव ने भटगांव निवासी किसान श्रीमती महेत्तरीन बार को कृषक यांत्रिकीकरण पर सबमिशन योजना के तहत 5 लाख रुपए के अनुदान पर ट्रेक्टर की चाबी सौंप कर उन्नत कृषि कार्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मछुआ समाज के सदस्यों को मछली जाल सहित आइस बॉक्स प्रदाय किए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र भी प्रदाय किए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नव दंपत्ति को आशीर्वाद देकर उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने नव विवाहित नीलू कुमारी और ममता केवट को विवाह प्रोत्साहन राशि के 35-35 हजार रुपए की राशि का चेक प्रदान किया।


25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
S-42415/78
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

